कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय

कण्वघाटी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल), उत्तराखण्ड – 246149

दूरभाष न0 : 01382–242400 **Email : gdckotbhabar@gmail.com**

आवश्यक सूचना दिनांक 24.05.2025

राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी कोटद्वार जनपद पौडी (गढवाल) में प्रवेश लेने के हेतु इच्छुक अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि नवीन सत्र 2025–26 में बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रराम्भ हो गयी है । प्रवेश हेतु सत्र 2025–26 के लिये उत्तराखण्ड सरकार के समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया दिनांक 24 मई, 2025 से प्रारम्भ हो गयी हैं।

स्नातक में प्रवेश हेतु पंजीकरण की प्रारम्भ की तिथि – 24 मई 2025 से 30 जून 2025 तक
स्नातक में प्रवेश पंजीकरण हेतु लिंक – https://ukadmission-samarth-ac-in/

पंजीकरण हेतु आवश्यक निर्देश –

1 – सभी अभ्यर्थीयों को दो चरणों में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल पर आवेदन फॉर्म पूर्ण करने होंगे, उसके पश्चात ही अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश हेतु पात्र होगा।

2 – प्रथम चरण में–सभी अभ्यर्थी अपने स्वयं के ईमेल एवं मोबाइल नम्बर को पंजीकृत करने के पश्चात अपना प्रोफाइल पूर्ण रूप से भरने के उपरान्त रूपये 50/- का शुल्क जमा करेंगे।

3 – द्वितीय चरण में सभी अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल में पुनः लॉगिन करते हुए 01 जून 2025 से 30 जून 2025 के मध्य में अपना विश्वविद्यालय (श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड वि0वि0 बादशाहीथौल टिहरी गढवाल) के साथ 10 महाविद्यालयों का चयन कर आवेदन पत्र जमा (Subtmit) करेंगे।

4– अभ्यर्थी ऑन लाइन जमा (Subtmit) आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट कर एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेगें तथा एक प्रति महाविद्यालय में जमा करेंगे।

5 – राज्य समर्थ टीम देहरादून द्वारा समय–समय पर ईमेल द्वार प्रेषित निर्देशों का अनुपालन सभी अभ्यर्थीयों को करना अनिवार्य है। अतः समय–समय पर अपना ई–मेल चैक करते रहें।

6 – वरिष्ठता (Merit)सूची महाविद्यालय सूचना पट्ट पर चस्पा होने के पश्चात प्रवेश/साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं एक छायाप्रति के साथ महाविद्यालय में प्रवेश हेतु उपस्थित होना होगा।

24/05/2025

प्र0 प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
कण्वघाटी कोटद्वार (गढ़वाल)

D: O.O.S : Ad. Notice